हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 21 दिसंबर 2023

04 प्रधानमंत्री सड़क के निर्माण में नहीं दिया जा ...



05 शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने में जुटी नगर पालिका





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2860 | 3990 |
| गेहूं 1544 | 2370 | 3251 |
| चना | 4500 | 5400 |
| मसूर | 5000 | 5805 |
| सोयाबीन | 3400 | 4776 |
| सरसों | 4600 | 4825 |
| धान | 1800 | 4371 |
| तुअर | 0000 | 0000 |
| तेवड़ा | 4100 | 4410 |
| धनिया | 6000 | 6200 |
| उड़द | 4000 | 4000 |

## खबर संक्षेप

### बोरवेल का गड्ढा खुला मिला तो एफआईआर

**विदिशा।** जिले में अनुपयोगी एवं खुले पड़े बोरवेल के गड्ढों में छोटे बच्चों के गिरने संबंधी दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किए गए हैं। कलेक्टर ने कहा है की जिले के समस्त अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों की जानकारी एकत्रित कर उन्हें बंद करने की कार्रवाई तत्काल की जाए। जिन बोरवेल में मोटर नहीं डली है। जिनमें बोर केप नहीं लगा है, ऐसे समस्त खुले बोरों में बोर केप संबंधित मकान मालिक , किसान, संस्था से लगवाए जाएं। खेत, भूमि अथवा भवन में खुले बोरवेल की सूचना मिलने पर प्रतिबंधात्मक आदेश की अवहेलना पाए जाने पर एफआईआर दर्ज की जाए।

### रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक सम्पन्न

**विदिशा।** बुधवार को कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में रेड क्रॉस सोसाइटी की बैठक हुई। बैठक में रेडक्रास भवन परिसर में सर्व सुविधायुक्त फिजियोथेरेपी पार्क बनाने का निर्णय लिया गया। जिसमे मूक-बधिर व अन्य दिव्यांगजन फिजियोथेरेपी की सुविधा का लाभ ले सकेंगे। रेडक्रास परिसर को व्यवस्थित कर आधुनिक मशीनों से युक्त फिजियोथेरेपी पार्क बनाया जाए, ताकि मरीजों को सभी प्रकार की सुविधाएं प्राप्त हो सकें। बैठक में जनसहयोग से एम्बुलेंस क्रय करने का निर्णय भी लिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि विदिशा के नागरिक भामाशाह है, सभी रचनात्मक कार्यो मे सहयोग प्रदान करते हैं। रेडक्रास की गतिविधियों में सभी संवर्गो से सहयोग की अपील करेंगे।

## बालियां बनकर निकलने लगी किसानों की मेहनत



**विदिशा।** 15 नवंबर से पहले गेहूं की बोवनी करने वाले किसानों की मेहनत खेतों में बालियां बनकर निकलने लगी हैं। वहीं कुछ किसानों ने अभी 15 दिन पहले ही बोवनी की है और खेतों में यूरिया खाद डालकर पौधों की ग्रोथ बढ़ाने में जुटे हुए हैं। इस साल जिले में गेहूं की बंपर पैदावार होने की उम्मीद किसान जता रहे हैं।

### सही दाम न मिलने से किसान नाराज, पुलिस और मंडी सचिव ने दी समझाइश

# व्यापारियों ने 1 हजार कम लगाए धान के दाम, किसानों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

कृषि उपज मंडी मिर्जापुर में धान के सही दाम नहीं मिलने से नाराज किसानों ने बुधवार को चक्काजाम कर दिया। किसानों और मंडी सचिव के बीच जमकर बहस भी हुई। हाईवे के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई तो पुलिस भी मौके पर पहुंची और किसानों को समझाइश देने का प्रयास किया। लेकिन किसान नहीं माने। किसानों का आरोप था की जो धान पूर्व में 4500 रुपए क्विंटल बेची थी उसी धान के अब 3500 रुपए क्विंटल के दाम मिल रहे हैं।

एक क्विंटल पर किसानों को सीधा एक हजार रुपए का नुकसान हो रह है। जबकि मंडी सचिव का कहना था कि निर्यात बंद होने के कारण मांग कम हुई है। जिसकी वजह से धान के दाम भी कम हो गए हैं। नीलामी में कम दाम मिलने से नाराज किसानों ने पहले मंडी में जमकर हंगामा किया इसके बाद हाईवे पर चक्काजाम करने उतर आए। किसानों ने व्यापारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने व्यापारियों पर आरोप लगाया कि व्यापारी मंडी में अपनी मनमर्जी चल रहे हैं। बाद में अधिकारियों की समझाइश इसके बाद किसानों का गुस्सा शांत हुआ। किसानों का आरोप है कि एक ही किसान की एक साथ आई ट्रालियों में सुबह और दोपहर में दाम अचानक हजारों रुपए कम हो रहे हैं। मंडी में व्यापारी अपनी मर्जी चला रहे हैं। व्यापारियों ने धान की उपज के दाम एकदम से कम कर दिए हैं। एक ही किसान की अलग-अलग ट्रालियों में रेट अलग मिल रहे हैं और दोनों ट्रॉली में हजारों रुपए का अंतर आ रहा है। पहले एक ही फसल 4500 रुपए क्विंटल में बिकी। बाद में उसी उपज के 3500 रुपए में नीलामी बोली लगा रहे हैं। धान की उपज के कम दाम मिल रहे हैं।

**मंडी सचिव का तर्क: निर्यात बंद होने से मांग कम हुई, इसलिए दाम कम**



**विदिशा।** कम दाम मिलने से नाराज किसानों ने कृषि उपज मंडी गेट के बाहर सड़क पर बैठकर किया चक्काजाम।

#### मांग कम होने से घटे दाम

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्यात पर प्रतिबंध लगा है। जिसके कारण गेहूं और धान की मांग घटी है। इस वजह से दाम में भी गिरावट आई है। - **कमल बगबैया**, मंडी सचिव

#### मंडी में इसलिए नाराज हुए किसान

प्रदर्शन कर रहे किसानों में से एक किसान ने बताया की उसने पहले 4500 रुपए क्विंटल में धान बेची थी। बुधवार को ही फिर से मंडी में दूसरी ट्रॉली लगाई तो उसी धान की नीलामी बोली 3500 रुपए लगाई गई। एक क्विंटल धान पर सीधे एक हजार रुपए कम कर दिए गए। जिससे किसानों को एक ट्रॉली धान पर सीधे 20 से 25 हजार रुपए का घाटा होगा।

#### मंडी में अभी धान की बंपर आवक

कृषि उपज मंडी में अभी धान की बंपर आवक हो रही है। जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धान के निमर्यात पर प्रतिबंध लग गया है। जिससे धान और गेहूं के दाम घट गए हैं। बुधवार को कृषि उपज मंडी में 26870 क्विंटल धान की आवक हुई। वहीं सोमवार को 34 हजार 168 क्विंटल धान की आवक हुई थी और दाम 43 रुपए क्विंटल तक किसानों को मिले थे।

## मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, ओपीडी से काम बंद करने की चेतावनी दी

### जूनियर डॉक्टर, जूनियर रेसीडेंट, सीनियर रेजिडेंट ने भी ओपीडी में काम बंद की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

समय पर वेतन न मिलने से नाराज मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स कर्मचारी बुधवार को सड़क पर आ गए और हड़ताल शुरू कर दी। कर्मचारी मेडिकल कॉलेज के गेट पर बैठकर धरना देने लगे। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से मेडिकल कॉलेज में काम प्रभावित हो गया।

पिछले कुछ समय से मेडिकल कॉलेज में कर्मचारियों को वेतन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स कर्मचारियों को 2 महीने से वेतन नहीं मिला है। मेडिकल कॉलेज और कॉलेज परिसर स्थित अस्पताल में 300 से ज्यादा आउटसोर्स कर्मचारी काम करते हैं, जो गार्ड से लेकर सफाई और अन्य व्यवस्थाएं देखते हैं। इन कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला और तीसरा माह भी होने जा रहा है।

कर्मचारियों का कहना है कि वह जिस कंपनी में काम करते हैं, उसका काम भोपाल के हॉस्पिटल में भी है। वहां पर कर्मचारियों को हर महीने 10 तारीख को वेतन मिल जाता है लेकिन विदिशा में कर्मचारियों को परेशान किया जाता है। हर बार वेतन के लिए हड़ताल करना पड़ती है।



विदिशा। मेडिकल कॉलेज के गेट पर बैठकर प्रदर्शन करते हुए आउटसोर्स कर्मचारी।

#### जूनियर डॉक्टर, जूनियर रेसीडेंट, सीनियर रेजिडेंट को भी नहीं मिला वेतन

मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में पदस्थ जूनियर डॉक्टर, जूनियर रेसीडेंट, सीनियर रेजिडेंट को पिछले सितम्बर माह से अभी तक वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। डीन द्वारा हर बार आश्वासन दिया जाता है की जैसे ही बजट आएगा सैलेरी देंगे, लेकिन अभी तक सैलेरी का कोई भुगतान नहीं हुआ। ऐसे में डॉक्टर्स को पैसों के आभाव में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज में समस्त डॉक्टर द्वारा डीन सुनील नंदेश्वर को ज्ञापन देकर आगामी दो दिनों में हड़ताल पर जाने के चेतावनी दी है। काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक ओपीडी से काम बंद करने की भी चेतावनी दी है।

### बाइक सवार मजदूर की मौत, परिजनों ने की सहायता की मांग

**विदिशा।** कुआखेड़ी के पास एक दर्दनाक हादसे में बाइक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गुलाबगंज थाने के अंतर्गत आने वाले सिमरार के रहने वाले रूप सिंह आदिवासी हादसे का शिकार हो गए। वे हिरनई से अपनी बाइक से घर जा रहे थे, इसी दौरान कुआ खेड़ी के पास उनकी बाइक को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को दोपहर में मेडिकल कॉलेज में पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि मृतक रूप सिंह के चार बेटियां और एक छोटा बेटा है। मजदूरी कर परिवार चलाने वाले रूप सिंह की मौत होने के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। एक बूढ़े पिता हैं, जो मजदूरी नहीं कर सकते। ऐसे में मृतक के परिवार को आर्थिक मदद दिलाई जाने की मांग की गई है।

## संता की ड्रेस में बुलाने से पहले पालकों से ली जाए अनुमति



हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

सकल हिंदू समाज ने बुधवार को संयुक्त कलेक्टर राजेश गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि बच्चों को सांताक्लोज बनाने से पहले मिशनरी स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों से लिखित सहमति लेना अनिवार्य कराने का आदेश जारी किया जाए।

समिति सदस्यों ने बताया कि पिछले कई वर्षों में देखा गया है की मिशनरी स्कूलों एवं कुछ प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं द्वारा क्रिसमस पर्व को स्कूलों में मनाते हुए छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों की अनुमति लिए बिना संता के ड्रेस में आने एवं क्रिसमस ट्री बनाने या क्रिसमस के पैटर्न को अनुग्रहित करने के लिए विवश किया जाता है। ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं जिससे अभिभावकों एवं हिंदू समाज की नाराजगी भी कई बार बन चुकी है। इसलिए प्रशासन से मांग की गई है कि इस प्रकार के स्कूलों को तत्काल प्रभाव से लिखित आदेश जारी कर यह स्पष्ट कर दिया जाए की किसी भी स्कूली छात्र को क्रिसमस परिधान या क्रिसमस मनाने से पहले उनके अभिभावकों को सूचित कर लिखित अनुमति प्राप्त करें। अन्यथा हिंदू समाज एवं संगठन उग्र आंदोलन करने पर विवश होंगे।

ज्ञापन में कहा गया है कि मिशनरी स्कूलों की यह षड्यंत्र धर्मांतरण की नींव रखता है। यह एक सोची समझी साजिश के तहत सनातन धर्म पर आघात है। ज्ञापन में कहा गया है की 14 दिसंबर को शाजापुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी अशासकीय स्कूलों को इसी प्रकार का आदेश जारी किया गया है। अतः तत्काल प्रभाव से जिले में इस प्रकार का आदेश जारी करवाने की मांग की गई है। ज्ञापन के दौरान हिन्दू जागरण मंच के संजय प्रजापति, सुरेंद्र कुशवाह, विक्की चौधरी, आलोक प्रजापति, वीरू कुशवाह, हेमंत दुबे, राजा राजपूत, रामकृष्ण अहिरवार, गौरव सेन, विशाल कुशवाह, राम शर्मा, विजय शर्मा मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट की छात्राओं ने राज्य स्तर पर बाल रंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**विदिशा।** उत्कृष्ट विद्यालय की दो छात्राओं ने राज्य स्तर पर आयोजित बाल रंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बुधवार को कलेक्टर उमाशंकर भार्गव और एसपी दीपक शुक्ला ने छात्राओं को सम्मानित किया।

## गुठान से हटेगा ट्रेंचिंग ग्राउंड, जतरापुरा में होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

बुधवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्य बाजार से लेकर माधवगंज क्षेत्र में यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। मालवीय उद्यान के पास ठेला व्यवसायियों के लिए रोड के किनारे चूना डालकर लाइन बनाई जाएगी। इसके अलावा नगर में गुमठी व्यवसायी जो की रोड के बाहर अपनी गुमठियां रखे हुए हैं उन्हे अनाउंस कर अंदर किए जाने का कार्य किया जाएगा। नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों से चर्चा कर मुख्य बाजार में निर्धारित समयावधि के लिए चार पहिया वाहनों की नो एंट्री की जाएगी। बैठक में नगर के सौंदर्यीकरण, ट्रांसपोर्ट नगर की व्यवस्थाओं और स्वच्छता के संबंध में भी निर्णय लिए गए। शहर के बीचों-बीच स्थापित गुठान के ट्रिचिंग ग्राउंड को शिफ्ट करने पर भी समिति द्वारा निर्णय लिया गया। ट्रेंचिंग ग्राउंड को जतरापुरा में शिफ्ट किया जाएगा, इसके लिए जगह आवंटित की जाएगी।



बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं की अतिक्रमण हटाने के लिए शीघ्र मुहिम शुरू की जाए। मुहिम शुरू करने के एक दिन पहले अनाउंस कर सूचना दें। यदि उन क्षेत्रों में अतिक्रमण पाया जाता है तो संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### जिले की ग्राम पंचायतों में पहुंचा प्रचार रथ

**विदिशा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम तहत जिले की सभी जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही निर्धारित रूट चार्ट अनुसार आई.ई.सी वैन प्रचार रथ भी ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में आज बुधवार को जिले की ग्राम पंचायत नहरयाई, चौड़ाखेड़ी, मोतीपुर, खजुरिया जागीर, ताजखजूरी, चितावर, खरथरी, सीहोद समेत जिले के विभिन्न ग्रामों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थलों पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए जहां विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों के रजिस्ट्रेशन किए गए तथा हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों में शामिल होकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया है। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।

## 575 की जयंती पर समाजजनों ने जरूरतमंदों को भोजन बांटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

अखिल भारतीय तरण तरण जैन समाज के सदस्यों और पदाधिकारियों ने माधवगंज पर जैन संत तारण तरण मंडलाचार्य की 575वीं जयंती के मौके पर भोजन वितरण किया। जरूरतमंद और राहगीरों के लिए भोजन कराया गया। युवा तारण तरण जैन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले कई सालों की तरह यहां इस बार भी यह आयोजन किया जा रहा है। जैन समाज अहिंसा परमो धर्म के साथ साथ सभी के लिए सेवा भावी विचार रखता है।

### एसपी दीपक कुमार शुक्ला और स्कूल संचालक देवना अरोरा ने किया बाल मेले का शुभारंभ

# वात्सल्य में अतुल्य भारत की झांकियां लगीं

प्रमुख तीर्थस्थान गंगासागर एवं पदमनाभस्वामी मंदिर को बड़े ही शानदार तरीके से प्रदर्शित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

बुधवार को वात्सल्य स्कूल परिसर में अतुल्य भारत की झांकियां एवं बाल मेले का आयोजन किया गया।

मेले का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला एवं संस्था के संचालक देवना अरोरा ने मां सरस्वती एवं गुरुदेव के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण करके किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज कटारे , सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप डोंगर सिंहजी एवं नगर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक व हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावकगण मेले में सम्मिलित हुए।



बाल मेले में अतुल्य भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों की आकर्षक झलक देखने को मिली। देश के चारों दिशाओं में स्थित राज्यों की प्रमुख पहचान के रुप में भाखरा नंगल बांध, जलियांवाला बाग, स्वर्ण मंदिर, प्रमुख तीर्थस्थान गंगासागर एवं पदमनाभस्वामी मंदिर को बड़े ही शानदार तरीके से प्रदर्शित किया गया। चंद्रयान-3 के सफल अभियान को भी छात्रों ने आकर्षक मॉडल के द्वारा प्रदर्शन करते हुए उसके विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी। मेले में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न प्रकार के झूलों, मिक्की माउस का आनंद उठाया। साथ ही बच्चों एवं उनके अभिभावकगणों ने विविध प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मेले एवं प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए विद्यालय की संचालक देवना अरोरा, नम्रता अरोरा, प्रतीक कोहली एवं रुचिरा अरोरा ने समस्त छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकगणों का आभार मानते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2465
उच्चतम भाव-4005
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3100
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2280
उच्चतम भाव-2412
चना
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-5600
मसूर
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5770
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-4690
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-4800
सरसों
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-5700
उड़द
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-7520
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-4380
मूंग
न्यूनतम भाव-6660
उच्चतम भाव-6660
ज्वार
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-6660
तुअर
न्यूनतम भाव-6010
उच्चतम भाव-6200
धना
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-5800
बटरी
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-4900

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 29967 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### आज रिलीज होगा गीत



**गंजबासौदा।** नगर के उभरते कलाकार राकेश सूर्यवंशी द्वारा गंजबासौदा पर बनाया गया गीत दर्शभक्ति यूट्यूब चैनल पर 21 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे रिलीज होगा। जिसके लेखक व गायक राकेश सूर्यवंशी हैं, प्रोड्यूसर पवन जैन और राग स्पेक्ट्रम स्टूडियो गंजबासौदा ने कंपोज किया है। ज्ञात हो कि राकेश सूर्यवंशी अभी तक कई भजन अपने चैनल पर ला चुके हैं, जिनमें से मां शीतला हमारी भजन काफी प्रसिद्ध रहा, जिसे हमारे देश भारत में ही नहीं बल्कि अर्जेंटीना और तुर्किये जैसे देशों में काफी सुना गया और काफी पसंद किया गया। इस बार राकेश सूर्यवंशी कुछ नया लेकर आ रहे हैं जिसमें बासौदा के लोगों के हौसलों को बताया गया है।

## आसमान में छाए बादल ...



**गंजबासौदा।** एक ओर जहां इलाके भर में सर्दी सबाव पर है, वहीं दूसरी ओर मौसम में भी बदलाव देखा जा रहा है। बुधवार को आसमान में बादल छाए रहे और ठंडी हवा चलती रही। **फोटो- राजा छारी**

### पुलियों और मोड़ पर वॉल नहीं बनाई जा रही, जिससे हो सकते हैं हादसे

# प्रधानमंत्री सड़क के निर्माण में नहीं दिया जा रहा गुणवत्ता पर ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







एक ओर शासन द्वारा करोड़ रुपए खर्च कर आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर इन सड़कों का निर्माण करने वाले ठेकेदार ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग नहीं करते हुए सड़कों का निर्माण कर रहे हैं, जो भविष्य में उनकी गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। साथ ही यह सड़कें ज्यादा समय तक नहीं टिक सकेंगी।

ऐसा ही मामला नगर से लाल पठार और डायला के मध्य बनने वाली प्रधानमंत्री सड़क में देखने को मिला है। उक्त सड़क का चौड़ीकरण तो हो गया लेकिन पुलियों और मोड़ पर वॉल नहीं बनाई जा रही है। साथ ही निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री बेहद ही घटिया डाली जा रही है, जिसमें वॉल में एम सेंट में पूरे तरीके से बड़ी मात्रा में धूल मिली हुई है जिसे पानी डालकर साफ नहीं किया जा रहा है। जिससे उक्त निर्माण कार्य ज्यादा समय तक नहीं टिकेगा। यहां सोचने वाली बात यह है कि साइड को देखने वाले इंजीनियर को यह धूल वाली सेंड दिखाई नहीं दे रही है। जिससे भविष्य में उक्त वॉल में क्रैक दिखाई देने लगेंगे। इस तरह की लापरवाही के साथ किए जा रहे निर्माण कार्य से पता चलता है कि ठेकेदार पर अधिकारी कितने मेहरबान हैं। इस संबंध में नागरिकों ने बताया कि अगर इसी तरह से लाखों रुपए से हो रहे निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग करते बनते रहे तो वह ज्यादा समय तक नहीं टिकेंगे। जिससे शासन के लाखों रुपए व्यर्थ बर्वाद होंगे। जागरुक नागरिकों ने सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान रखने की मांग संबंधित विभाग से की है।

## शासकीय उमावि के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के ग्राम ककरावदा में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में समाज सेवी कांतिभाई शाह, शैलेंद्र रघुवंशी, रोहित भावसार, आरके रघुवंशी, जितेंद्र रघुवंशी, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा, अभय शर्मा, अवधेश दीक्षित, वंदना मिश्रा, भारती पंथी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। सरस्वती वंदना कुमारी पूर्णिमा ओझा द्वारा प्रस्तुत की गई।

अतिथियों ने शिविरार्थीयों को अभिप्रेरित किया और राष्ट्रीय सेवा योजना एवं समाज सेवा के बारे में बताते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों में नेतृत्व के गुणों का विकास एवं समाजसेवा के लिए जागृति आती है। ककरावदा के प्रधान अध्यापक अवधेश दीक्षत की पदोन्नति पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा उनका शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र, मेडल एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। ग्रामीण छात्र-छात्राओं को उनकी सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए भी ट्रॉफी एवं प्रमाण दिए गए। कार्यक्रम का संचालन दिशा जैन द्वारा किया गया। सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक उदित रघुवंशी एवं सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका पुष्प लता सेन को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। शिविर में सचिन अहिरवार, प्रथम महलवार, विकास मालवीय, अरविंद अहिरवार, राजकुमार विश्वकर्मा, संजय अहिरवार, कपिल रैकवार, साहिल यादव, उदित रघुवंशी, विशाल अहिरवार, रोहित रजक का विशेष सहयोग रहा। समापन पर कार्यक्रम अधिकारी भारती पंथी ने आभार व्यक्त किया।

## भ्रमण करते हुए अक्षत कलश बंजारी माता मंदिर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश बुधवार को बरेठ मंडल मंदिर पर गाजे बाजों के साथ ग्राम भ्रमण करते हुए बंजारी माता मंदिर पर पहुंचे। जहां बंजारी माता मंदिर पुजारी, श्याम रघुवंशी, दिनेश गुर्जर, माधव यादव, गजानन परिहार, संतोष, अमन गुड्डा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## नेत्र शिविर नागरिक समिति के शिविर में 479 मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में कैंप सहयोगी वरिष्ठ समाज सेवी गौ सेवक अनाज व्यापारी राधेश्याम अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल गुफा मासेर वालों के सौजन्य से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा हितकारिणी धर्मशाला में नेत्र शिविर का कैंप लगाया गया।

सेवासदन आई हास्पीटल से पधारे हुए कुशल नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर अरुण शुक्ला, डॉक्टर पवन कुमार DPC, डॉ राम बहादुर सोनकर एवं डॉक्टर रविंद्र रघुवंशी PC द्वारा 479 मरीजों की जांच की गई। इसमें से 194 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर 52 मरीजों को बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ रवाना किया गया। शेष नेत्र रोगियों को 20 एवं 21 दिसंबर को बस द्वारा ले जाया जाएगा एवं 45 नेत्र रोगियों को जांच उपरांत चश्मा बनवाने की सलाह दी गई। वहीं 240 नेत्र रोगियों की आंखों की जांच कर, निशुल्क दवाइयां दी गई। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सचिव सुरेश कुमार तनवानी, बृज किशोर सुहाने, राधा अग्रवाल, डॉली अग्रवाल, राम गोपाल गुप्ता, रेलवे विभाग से हेमंत राय, प्रकाश माहेश्वरी, हरिसिंह ठाकुर, सीमा जैन, प्रेमनारायण पांडे, श्रद्धा जैन, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, श्वेता जैन, राधेश्याम साहू, दयाशंकर जायसवाल, पुलिस विभाग से जितेंद्र दांगी, नेतराम मिश्रा, चंद्रशेखर ताम्रकार, देवी प्रसाद भावसार, दिलीप देसाई, प्रदीप नेमा, नाटु भाई पटेल, रामबाबू दुबे, मैनेजर संतोष शर्मा, मैनेजर देवीलाल कुशवाह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## धान से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को बरेठ रोड पर हतोड़ा और नवीन कृषि उपज मंडी के बीच ड्रीम सिटी के आगे धान से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। यह तो ईश्वर की कृपा रही कि जिस समय ट्रक पलटा उस समय कोई वाहन चालक या पैदल राहगीर ट्रक की चपेट में नहीं आया। बाद में धान के बोरों को दूसरे ट्रक में हम्मालों की सहायता से लोड कर ले जाया गया।

### सेंट एसआरएस विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी स्थान प्राप्त किए

# बालरंग प्रतियोगिता में डॉल्फिन के चार विद्यार्थी प्रथम स्थान पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता का आयोजन 19 दिसंबर को भोपाल में किया गया। प्रतियोगिता में डॉल्फिन के पांच विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से साहित्यिक प्रतियोगिता के अंतर्गत स्वरचित काव्य पाठ में आराध्या भार्गव ने और प्रश्न मंच में जिज्ञासु शर्मा और यथार्थ साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार निशक्त बच्चों की प्रतियोगिता में नियति शिल्पकार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निशक्त बच्चों की प्रतियोगिता में नवांकुर की छात्रा प्रिया परिहार ने सुगम संगीत में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपर्युक्त सभी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन नवांकुर के शिक्षक वासुदेव शर्मा और डॉल्फिन की शिक्षिका शिखा दांगी ने किया।

इंस्पायर अवार्ड योजना में राष्ट्रीय स्तर की विजेता नवांकुर की छात्रा रूपाली दांगी ने भी यहाँ पर आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी में अपने मॉडल को प्रस्तुत किया। जिसका अवलोकन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर रानाडे द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को बधाइयां दीं।

### सेंट एसआरएस स्कूल के छात्रों का राज्य स्तर पर सुयश

**गंजबासौदा।** सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के छात्रों ने मानव संग्रहालय भोपाल में आयोजित शालेय राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था एवं शहर का नाम रोशन किया।



स्कूल के खेल अधिकारी कपिल गौड़ ने बताया कि संस्था की छात्रा सिद्धि शर्मा ने तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं योग की प्राणायाम, आसन और सूर्य नमस्कार स्पर्धाओं में मोहित राठौर को दूसरा एवं कार्तिक अहिरवार और चंचल दांगी को तीसरा स्थान मिला। मालूम हो कि योग शिक्षक राज सोनी और साक्षी चतुर्वेदी के नेतृत्व में संस्था के 11 सदस्यीय दल ने सहभागिता की थी। राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा यह प्रतियोगिताएं राज्य स्तर तक ही कराई जाती हैं। यदि बाल रंग के अंतर्गत राष्ट्रीय लेवल पर भी प्रतियोगिताएं होती, तो यह बच्चे निश्चित तौर पर नेशनल लेवल तक अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते। संस्था डायरेक्टर के एस यादव, प्राचार्य उमेशचंद्र यादव, प्रभारी प्राचार्य रजनी गुप्ता, प्रभारी प्रियंका अग्रवाल, वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण पाल सिंह चौहान, अनुज गुप्ता, सुपार्श जैन, दीपेश मीणा, मनोज श्रीवास्तव, गोविंद कुशवाह सहित शिक्षक परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नेत्र शिविर में की 218 मरीजों की जांच



**गंजबासौदा।** मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से ज्योति अरोरा पत्नी योगेंद्र अरोरा की पुण्य स्मृति में मोतियाबिंद निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर राजकरण वर्मा ने 218 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया एवं 52 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया। 89 मरीजों को दवाइयों का वितरण किया गया, 49 मरीजों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई। वहीं 28 लोगों को चश्मा प्रदान किए गए। उपरोक्त जानकारी वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने दी। इस मौके पर विशाल अरोरा, गोलू, अभिषेक अरोरा, अमित अरोरा, टोटू राजपूत, भूपेंद्र सिंह राजपूत ने स्वर्गीय ज्योति अरोरा की पुण्य स्मृति में मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन के पैकेट भी वितरित किए। इस अवसर पर मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के प्रदेश प्रभारी डॉक्टर एके जैन, जिलाध्यक्ष गणेशराम रघुवंशी, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने बीपी एवं शुगर की जांच में सहयोग प्रदान किया।

## वेदांत आश्रम के छात्रों का हुआ बाल रंग प्रतियोगिता में चयन, दी बधाईयां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रीमद् जगदगुरु अनंतानंद द्वाराचार्य स्वामी डॉक्टर रामकमल दास वेदांती महाराज के द्वारा संस्थापित संत जगन्नाथ दास संस्कृत विद्यालय वेदांत आश्रम के छात्रों ने बालरंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वेदाचार्य ऋषि राम पांडे के परिश्रम से राज्यस्तरीय बालरंग वेदपाठ प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में संस्कार शर्मा एवं वरिष्ठ वर्ग में हर्ष शर्मा ने अपने माता-पिता एवं वेदांत आश्रम सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस सफलता पर आश्रम के महंत एवं प्रधानाचार्य बाबू सिंह तथा क्षेत्रवासियों ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### चौक-चौराहों पर स्थित रोटरियों को किया जा रहा विद्युत से सुसज्जित, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी जारी

# शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने में जुटी नगर पालिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए इस समय नगर पालिका हर स्तर पर प्रयास करने में जुट गई है। नपा द्वारा अतिक्रमण मुहिम चलाकर शहर को सुंदर बनाने का प्रयास तेजी से किया जा रहा है। विगत 5 से 7 दिनों से नपा अमला प्रतिदिन शहर के मुख्य मार्गो पर फैले अतिक्रमण पर कार्यवाही कर रहा है और अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत दी जा रही है कि दुकानदार अपनी सीमा के अंदर ही अपनी दुकानों का सामन रखें यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा सड़क पर समान रखकर अतिक्रमण किया गया तो नपा द्वारा चालानी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही नगर के मुख्य चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण को लेकर नपा गंभीर नजर आ रही है। पिछले दिनों पूर्व नपा ने नगर के पुराना बस स्टेण्ड रोड पर मुख्य चौराहा पर सौंदर्यीकरण करते हुए आई लव सिरोंज का विद्युत से सुसज्जित रात्रि कालीन सैल्फी पांइट बनाया जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। जहा प्रतिदिन शहर के युवा रात्रि के समय पहुचकर अपनी सैल्फी लेते नजर आ रहें है। इसी के साथ नपा अब नगर के अन्य चौराहों स्थित रोटरियों का भी सौंदर्यीकरण करने में जुट गई। नपा के प्रभारी सीएमओ राम प्रकाश साहू ने बताया कि नपा द्वारा शहर के समस्त चौराहों स्थित रोटरी में विद्युत लाइट लगाई जाएगी व चौक-चौराहो को और भी सुंदर और स्वच्छ बनाया जाएगा। जिससे की शहर के आम नागरिकों के लिए यह चौक चौराहें सुबह व शाम के समय घूमने फिरने के स्पाट बन सके।

## सीएमओ बोले-विधायक उमाकांत शर्मा के सख्त निर्देश, शहर को सुंदर और स्वच्छ के साथ किया जाए धूल मुक्त




नपा सीएमओ का प्रभार संभालते ही शहर में सौंदर्यीकरण के कार्य प्रारंभ - नगर पालिका परिषद सिरोंज में विगत वर्षो में कई सीएमओ ने नपा की कमान संभाली लेकिन शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण करण को लेकर किसी ने प्रयास नही किया। जिसका परिणाम यह रहा कि शहर में गंदगी के अंबार व आम नागरिकों को अनेको समस्याओं का सामना करना पड़ा। वही विगत दिनों पूर्व नपा सीएमओ पद पर जैसे ही प्रभारी सीएमओ राम प्रकाश साहू आए वैसे ही शहर में सौंदर्यीकरण व अतिक्रमण पर कार्यवाही देखने को मिलने लगी। यदि पूर्व की बात की जाए तो पहले भी नपा द्वारा शहर में कई बार अतिक्रमण की मुहिम चलाई गई। लेकिन वह मुहिम सिर्फ एक से दो दिन चलकर ही बंद हो जाती रही। लेकिन इस बार नपा द्वारा चलाई जा रही अतिक्रमण मुहिम ने अब तेजी से कार्यवाही करना प्रांरभ कर दिया है और विगत 5 से 7 प्रतिदिन नपा की अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही देखने को मिल रही है।

### चौक-चौरहों पर हो रहा सौंदर्यीकरण, नागरिकों को कर रहा आकर्षित

नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के चौक-चौराहो पर किया जा रहा सौंदर्यीकरण के कार्य को देखने के लिए प्रतिदिन रात्रि के शहर के नागरिक पहुच रहें है। पूर्व की यदि बात की जाए तो नगर के छत्री नाका,बस स्टेण्ड पर स्थित रोटरियों पर बेनर पोस्ट आदि लटके नजर आते थे जिसके कारण वहा मौजूद प्रमिता भी इन बेनर पोस्टो के बीच छिप जाती थी। लेकिन नपा द्वारा अब सौंदर्यीकरण करते हुए चौक-चौराहो पर




स्थित समस्त रोटरियों में विद्युत लाइट लगाकर सुंदर और स्वच्छ बनाया जा रहा है।

### विधायक शर्मा के निर्देशन में किए जा रहे कार्य

नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू ने बताया कि विधायक उमाकांत शर्मा के सख्त निर्देश है कि शहर को धूल मुक्त और सुंदर व स्वच्छ बनाए जाए। विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देशन में नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य किया जा रहा है। शहर में जाम की समस्या,अतिक्रमण,सी.सी सड़क का निर्माण कार्य किया तेजी से किया जा रहा है और वही नगर के पुराना बस स्टेण्ड पर विद्युत से



सुसज्जित सैल्फी पांइट बनाया गया है साथ ही उक्त सैल्फी पांइट के आसपास स्टील की रैलिंग व कारपेट बिछाया गया है। वही जाम की समस्या को देखते हुए कुछ विद्युत पोलो भी हटाकर सड़क के किनारो पर लगाया गया है और जहां जहां धूल की समस्या का सामना नागरिकों को करना पडता था वहा पर सीसीकरण किया जा रहा है। नपा द्वारा जल्द ही शहर के अन्य चौराहो पर सौंदर्यीकरण कर चौराहो को और भी सुंदर बनाया जाएगा।

### 3 माह तक जारी रहेगी अतिक्रमण पर कार्रवाई

नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू ने बताया कि नपा द्वारा चलाई जा रही अतिक्रमण मुहिम 3 माह तक जारी रहेंगी। वही तीन माह बाद माह में दो बार नपा द्वारा अतिक्रमण पर कार्यवाही की जाएगी। शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रतिदिन नपा द्वारा कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार को नपा अमले ने नया बस स्टेण्ड से लेकर बलेजा पेट्रोल पंप कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की साथ ही 15 अतिक्रमणधारियों पर चालानी कार्यवाही की गई। वही सीएमओ ने बताया कि मुहिम प्रांरभ से अभी तक लगभग 50 से अधिक अतिक्रमणधारियों पर नपा द्वारा चालानी कार्यवाही करते हुए 15 हजार की राजस्व राशि प्राप्त की जा चुकी है।



# स्व सहायता समूह की महिलाएं अब करेगी शौचालय का निरीक्षण

**रहली**। शासन के निर्देश के बाद नगरपालिका परिषद रहली में सहायता समूह की महिलाओं को स्वच्छता अभियान के तहत प्रशिक्षित किया गया। टॉयलेट ग्रेडिंग हेतु चयनित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें महिलाओं को पहले पीपीटी के माध्यम से क्लीन टॉयलेट कैम्पिंग में की जाने वाली ग्रेडिंग के बारे में समझाया गया । नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओ की सहभागिता से सुझाव भी आएंगे और शौचालय में जो कमियां होंगी उन पर ध्यान आकर्षण होगा। विशेष तौर पर महिलाये एक दूसरे से अपनी बात सहज रूप से कह सकेंगी। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं की भूमिकाओं पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात महिलाओं को शौचालय पर ले जाकर के प्रैक्टिकल प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक संगठक मिथिलेश चौरसिया द्वारा प्रशिक्षित किया गया। मिथिलेश चौरसिया ने बताया कि महिलाएं द्वारा निरीक्षण कर ग्रेडिंग भी दिया जाएगा। शौचालय में आवश्यक सामग्री और स्वच्छता को लेकर नंबर दिया जाएगा। अभी तक बाहर से टीम निरीक्षण करने आती थी जिनको स्थानीय भाषा को लेकर भी परेशानी होती थी लेकिन अब स्थानीय स्तर पर महिलाएं निरीक्षण करेंगी जिससे निरीक्षण के कार्य सरल होगा।

# धोखाधड़ी कर प्लाट का विक्रय करने वाले आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोज

धोखाधड़ी कर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर विक्रय पत्र संपादित कराने वाले व्यक्ति को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम द्वारा पांच साल के सश्रम कारावास एवं 4 लाख 19 हजार रूपये के अर्थदंड से दडित किया गया है। शासकीय विशेष लोक अभियोजक मनीष वर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 27 जुलाई 2018 को भवानी नगर निवासी अर्चना मेहरा ने सिरोंज थाने में षिकायती आवेदन देते हुए बताया था कि मैने एक प्लाट भवानी नगर में 25 बाय 40 का है जिसको खरीदा था जब मैं उक्त प्लाट पर कब्जा लेने गई तो मुझे पता चला की उक्त प्लाट की रजिस्टी पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर हो चुकि है। और मैं जब बटनलाल के पास अपने प्लाट की राशि मांगने गई तो बटनलाल ने मुझसे ली गई 4,19,000 रूपये की राशि देने से मना कर दिया। इस प्रकार धोखाधड़ी करके प्लाट को अवैध रूप से बटनलाल द्वारा बेच दिया गया है। फरियादी के आवेदन के आधार पर थाना सिरोंज में अपराध कमांक 244/19 दिनांक 09/06/19 को पंजीबद्ध किया गया था आरोपी बटनलाल द्वारा जानबूझकर सिरोज स्थित सर्वे नम्बर 2455 रकबा 1.151 का एक प्लाट छल कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर रजिस्टी कराई गई है। और लाभ अर्जित किया गया है। थाना सिरोंज द्वारा इस मामले में धारा 420, 467, 468, 471 भादवि के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। न्यायालय द्वारा इस प्रकरण में 17 साक्षियों के कथन कराये गये जिसमें न्यायालय द्वारा बटनलाल को धोखाधड़ी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार एवं लाभ अर्जित करने के संबंध में दोषी पाया गया है न्यायालय द्वारा धारा 420 में 03 वर्ष एवं 1 लाख रूपये के अर्थदंड एवं कूटरचित दस्तावेज करने पर धारा 467 में 02 लाख रूपये अर्थदंड एवं 5 साल का सश्रम कारावास तथा 468 में 01 लाख रूपये अर्थदंड एवं 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा 471 में 19 हजार रूपये अर्थदंड एवं 01 साल का सश्रम कारावास कुल अर्थदंड की राशि 4,19,000 रूपये के अर्थदंड से दडित किया गया तथा सभी सजायें एक साथ भुगताई जाएंगी। न्यायालय द्वारा पीड़िता अर्चना मेहरा को अर्थदंड की 4,19,000 रूपये प्रतिकर के रूप में देने के निर्देश दिये गये है। साथ ही न्यायालय द्वारा आरोपी को उपजेल लटेरी भेज दिया गया है।

# मंडी में रोज धान से भरी सैकड़ों ट्रॉलियों की हो रही बंपर आवक

### धान की बंपर आवक और अच्छे दाम मिलने से किसानों के चेहरे पर आई खुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

कभी बारिश कभी अवकाश के कारण मंडी में कारोबार बंद रहने से किसान धान बेचने परेशान हो रहे थे। दो दिनों के अवकाश बाद सोमवार से मण्डी में आनाज कारोबार एवं नीलामी शुरू हुई। प्रतिदिन 400 से अधिक ट्रेक्टर ट्रालियों में भरी बासमती धान आने से मण्डी प्रांगण खचाखच भर जाने की स्थिति रही।

प्रतिदिन 15 हजार क्विंटल से अधिक धान की आवक होने के बाद भी किसानों को धान की स्थिति अनुसार संतोषजनक भाव मिल रहे है। अच्छे किस्म की बासमती धान की कीमत 4300 रुपए से भी ऊपर होने से किसानों में खुशी और संतोष का भाव नजर आ रहा है। बरेली मण्डी के अंतर्गत दो उप मंडियां है। खरगौन मंडी में विभिन्न निर्माण कार्य, शेड निर्माण होने के बाद वर्षो से बंद पड़ी हुई है। बाड़ी उप मंडी के लिए दशकों बीत जाने के बाद भी भूमि का अधिग्रहण नहीं हो पाया। इसी कारण, चावल निर्माता कंपनियों, व्यापारियों द्वारा बाड़ी क्षेत्र के गांव-गांव में बासमती धान की खरीद और तौल की जा रही है। खरगोन उपमंडी में नीलामी न होने से खरगोन में एवं गांवों में व्यापारी धान की खरीद कर रहे है। सैकड़ों किसाना 20 से 30 किमी का लंबा सफर कर धान बैचने बरेली मंडी में ला रहे हैं।

### बासमती का उत्पादन

बाड़ी, बरेली, उदयपुरा क्षेत्र बासमती धान की खेती का विशेष उत्पादक क्षेत्र बन गया है। किसानों द्वारा प्रतिवर्ष लाखों क्विंटल बासमती एवं गैर बासमती धान का उत्पादन कर प्रदेश और देश का चावल भण्डार भरा जा रहा है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बासमती धान के भाव एक हजार रुपए से अधिक मिल रहे है। भले ही धान की कटाई थ्रेसिंग के दौरान बारिश की बाधा बनी रही। संपूर्ण क्षेत्र में धान कटाई का कार्य पूर्ण हो जाने से किसानों द्वारा प्रतिदिन सैकड़ों ट्रालियों में भर कर मण्डी में धान बैचने लाई जा रही रही है। प्रतिदिन बाड़ी, खरगोन क्षेत्र में उपमंडी बंद होने के बाद भी गांव-गांव हजारों क्विंटल धान का व्यापार और तौल का व्यापक स्तर पर कारोबार चल रहा है।

# ज्योतिष सम्राट राजपुरोहित पंडित गौरव तिवारी टॉपटेन अवार्ड से हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

भारत सरकार के प्रमुख संस्थान विज्ञान भवन नई दिल्ली में मां शारदा ज्योतिष धाम अनुसंधान संस्थान के संस्थापक पंडित दिनेश शर्मा गुरूजी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष वास्तु एवं आयुर्वेद सम्मेलन का आयोजन किया गया।

ज्योतिष सम्राट राजपुरोहित पंडित गौरव तिवारी को इंडिया टॉपटेन एस्ट्रोलॉजर अवार्ड से अखिल भारतीय ज्योतिष संस्था संघ के अध्यक्ष डॉक्टर अरुण बंसल द्वारा सम्मानित किया गया। पंडित गौरव तिवारी समाज सेवी संस्थाओं के जिम्मेदार पदों सहित क्षेत्र की जानी-मानी लोकप्रिय हस्ती हैं। इससे पहले ज्योतिष में विशेष उपलब्धियों पर अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक भी मिल चुका है। इस समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री व सांसद मीनाक्षी लेखी एवं मध्य प्रदेश के राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त योगेंद्र महंत उपस्थित थे। राजपुरोहित गौरव तिवारी को देश के टापटेन अवार्ड से सम्मानित होने पर उन्हें क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी हैं।

# अयोध्या से आए अक्षत कलश की लछु चौराहा से निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

श्रीराम मंदिर अयोध्या की जनवरी में होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा हेतु अक्षत कलश की शोभायात्रा बुधवार को लछु चौराहा से निकाली गयी। शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई श्रीराम मंदिर झूला तिराहा पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केशरवानी ने उपस्थित होकर शोभा यात्रा में शामिल होने का, आम जनो से आगामी समय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम जनवरी माह में अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजमान होंगे जिसकी प्राण प्रतिष्ठा में और भगवान श्री राम के दर्शन करने हेतु आप सभी को पहुंचना है।

22 जनवरी का वो ऐतिहासिक होगा जब हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। तब तक देश के प्रत्येक शहर, गांवो और कस्बो में जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जिसमें 1 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक पूजित अक्षत, श्री राम मंदिर का चित्र यह तीन वस्तु लेकर प्रत्येक हिंदू घर में संपर्क करना है और आवाहन करते हुए निमंत्रण देंगे। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन हम सभी को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक अपने-अपने ग्राम मोहल्ला में एकत्रित होकर सभी राम भक्तों को भजन कीर्तन करना है इसके साथ ही कई कार्यक्रम शहर में होंगे जिसमें आप सभी शहारवासी अवश्य शामिल हो और सनातन को आगे बढ़ाएं।इस अवसर पर राम कुर्मी, मनोहर साहू, प्रकाश पटेल, अमित नामदेव, पिंटू केवट, पुष्पेंद्र शर्मा, गोलू सहित बड़ी संख्या में माताएं बहने उपस्थित रही।

# साधना कार में करतीं रहीं इंतजार, शिवराज को घेरे रहे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

भोपाल से अमरकंटक जाते समय फोरलेन कोटपार जोड़ पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जोरदार स्वागत किया।

जोड़ पर बने एक मैरिज गार्डन में बरेली नगर क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं ने जमकर नारेबाजी करने के साथ पूर्व मुख्यमंत्री चौहान का पुष्पहारों से जोरदार स्वागत किया गया। अल्प समय के लिए रुके पूर्व सीएम चौहान ने कहा कि मप्र परिवार है, भाई और मामा परमानेंट है, जनता की अपेक्षाएं पूर्ण होगी सदैव साथ

### लाडली बहना योजना चलती रहेगीः चौहान



खड़ा रहूंगा। मैं सभी का आभारी हूँ। चौहान ने कहा कि लाडली बहना योजना चलती रहेगी। चौहान के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ थी, धक्का लगने आगे पीछे होने की कार्यकर्ताओं में पूर्व सीएम चौहान के साथ सैल्फी लेने की होड़ लगी रही। मैरिज गार्डन में पूर्व सीएम चौहान के आने का समय दोपहर 3 बजे था। तभी से सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं की उपस्थिति रही परंतु चौहान का आगमन सवा दो घण्टे बिलम्व से सवा पांच बजे हुआ।

पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, भाजपा नेता हरनाम सिंह राजपूत, ठा. जोधाराम, शंकर सिंह मातावाले, नपं. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, नपं. के पार्षद जनपद अध्यक्ष प्रभा पटेल, राहुल पटैल, सीमा चौहान, पुनीता बिदुआ, घनश्याम सिंह रघुवंशी, विठ्ठल भूतड़ा, सुरेश बिदुआ, गोविंद सिंह पटैल, नंदू चांडक, अभिषेक राजपूत, ठा. केशरी सिंह, शेर सिंह चौधरी, अनेक ग्रापं के सरपंचों, जनपद सदस्यों सहित ग्रामों से आए एवं नगर के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की स्वागत कार्यक्रम में भारी उपस्थिति रही।

### साधना कार में बैठीं रहीं

स्वागत स्थल पर भारी संख्या में महिलाएं, बच्चीय और उत्साही भाजपा कार्यकताओं से अपने स्वभाव के अनुसार पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान चर्चा रहे। पूर्व सीएम के साथ सैकड़ों लोगों युवा सेल्फी लेने के लिए उतावले रहे और सड़क किनारे खड़ी कार में बैठी पूर्व सीएम की पत्नी साधना सिंह चौहान इंतजारी करती रहीं।

# चैकिंग के दौरान पुलिस को कट मारकर भाग रहे दो फरार आरोपियों को पीछा करके दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

किनगी रोड पर वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस स्टाफ को कट मार कर तेज गति से भागने वाले वाहन का पीछा कर जब उन्हें पकड़ा गया तो एक युवक रोहित राजपूत निकला जिसके विरुद्ध 2018 से अनेक गंभीर धाराओं के प्रकरण दर्ज थे।

पिछले दिनों शिवा ढाबा में उत्पात मचाने के मामले में उसका साथी युवक योगेश था। दोनों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी थे। रोहित पर जिला बदर की कार्यवाही भी हो चुकी है। फरारी के कारण तामील बनी हो पा रहा था। फिल्मी स्टाइल में भागे



आरोपी पुलिस वाहनों की चैकिंग कर रही थी। दोनों युवा खुली जीप में सवार थे, पूर्व से फरार होने के कारण उन्हें पकड़े जाने का शक हुआ और जीप को तेज गति से पुलिसकर्मियों को कट मारते हुए भगा ले गए। पुलिस ने छींद मंदिर रोड, फिर निकटवर्ती भोडिया गांव तक उनका पीछा किया और अंततः दो फरार युवक और जीप पुलिस ने पकड़ ली। दोनों फरार वारंटी युवकों को गिरफ्तारी बाद न्यायालय में प्रस्तुत करने की कर्रवाई की गई। पुलिस 2-3 वाहन भी जब्त किए हैं।

## खबर संक्षेप

### पत्नी बच्चों को वापस दिलाने लगाई गुहार

**बेगमगंज।** धारा 354 में उप जेल में निरुध्द रहा एक व्यक्ति जब जेल से छूट कर घर वापस आया तो उसकी बीवी और बच्चों को कुछ दबंगों द्वारा अपने कब्जे में ले लिया गया। इस तरह का आरोप लगाते हुए संबंधित व्यक्ति द्वारा पुलिस अधिकारी से बीवी बच्चों को वापस दिलाने की गुहार लगाते हुए गुम इंसान कायम कराया है। बता दें कि विष्णु प्रसाद ग्राम झिरिया का निवासी है वह 354 के प्रकरण में जेल में बंद था। उसके पास जमानत के पैसे नहीं थे इसी वजह से वह करीब 4 साल जेल में न्यायिक हिरासत में जेल में निरुद्ध रहा। कुछ समाजसेवियों ने मदद की और उसकी जमानत हो गई। जिस समय वह उक्त प्रकरण में बंद हुआ था, उस समय वह घर पर छोटे-छोटे चार बच्चे और पत्नी को छोड़कर गया था। वह जेल से रिहा होकर घर पहुंचा तो पत्नी व बच्चे घर पर थे, जिनके साथ वह दो दिन रुका उसके बाद वह पास के गांव खैरी में एक गमी में शामिल होने के लिए गया और जब वह वापस आया तो उसकी पत्नी और तीन बच्चे घर पर नहीं मिले घर पर मौजूद बेटी से मालूमात करने पर पता चला कि वह बिना बताए कहीं चले गए है। उसने सभी जगह उन लोगों को तलाश किया उसके बाद थाने पहुंचकर गुम इंसान दर्ज कराते हुए उसने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ दबंगों ने डरा धमकाकर पत्नी और 3 बच्चों पर कब्जा कर लिया उन्हें दबंग उठाकर ले गए हैं। साहब मुझे मेरी पत्नी और बच्चे वापिस दिला दो यह गुहार वह लग रहा था।

### कॉलेज में आयोजित की जा रही है सीसीई परीक्षा

**सिलवानी।** नगर के शासकीय महाविद्यालय में बार्षिक परीक्षा की तर्ज पर सीसीई परीक्षा का आयोजन किया जा रहाहै। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियो के द्वारा सहभागिता की जा रही है। न्यू एजुकेशन पॉलिसी के अंतर्गत महाविद्यालय में बीए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा बीकॉम प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की सीसीई परीक्षा आयोजित की जा रही है जो कि वार्षिक परीक्षा की तरह ही शक्ति के साथ आयोजित हो रही है। विधिवत रूप से विषय से संबंधित शिक्षक द्वारा प्रश्न पत्र तैयार कर समय सारणी के अनुसार परीक्षा संपन्न करवाई जा रही है ।

### कृषि उपज मंडी में 23 से 25 तक बंद नीलामी

**रायसेन।** कृषि उपज मंडी रायसेन में 23 दिसम्बर से लेकर 25 दिसम्बर तक नीलामी कार्य बंद रहेगा। कृषि उपज मण्डी समिति सचिव आरपी शर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि 23 दिसम्बर को माह का चौथा शनिवार बैंक अवकाश होने, 24 दिसम्बर को रविवार साप्ताहिक अवकाश होने एवं 25 दिसम्बर को क्रिसमस का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 23 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2023 तक कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। किसान भाईयों से 23 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक की अवधि में अपनी कृषि उपज विक्रय हेतु नहीं लाने का अनुरोध किया गया है। दिनांक 26 दिसम्बर से अपनी कृषि उपज की ट्रालियों को दशहरा मैदान में नीलामी हेतु क्रमवार लगाएं।

## गुरु विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को एकांत में ले जाकर विद्या सिखाई फिर किया राक्षसी ताड़का का वध

# निशाचरों का विनाश करने के लिए गुरु विश्वामित्र ने राजा दशरथ से मांगे उनके पुत्र श्री राम-लक्ष्मण

### गुरु ग्रह पढ़न गए रघुराई, अल्पकाल विधा सब आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

श्री रामलीला महोत्सव के चलते बुधवार को रामलीला मैदान में मंच एवं मैदानी श्री रामलीला का मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया, प्रस्तुत की गई लीला के अनुसार राजा दशरथ अपने परिवार एवं गुरु वशिष्ट के साथ बैठे होते हैं उधर दूसरी तरफ अयोध्या के राजा दशरथ के घर राम लक्ष्मण और भरत शत्रुघ्न के जन्म लेने की खबर मिलते ही गुरु विश्वामित्र राजा दशरथ के पास इन बालकों को मांगने के लिए उनके यहां पहुंचते हैं।

राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को धनुषधर विद्या सीखने एवं इस पृथ्वी पर हो रहे अत्याचारों को कम करने तथा निशाचरो का विनाश करने के उद्देश्य से मांग रखते हैं, जिस पर राजा दशरथ दुखित होकर गुरु विश्वामित्र से कहते हैं कि गुरुदेव मुझे बुढ़ापे में इन पुत्रों की प्राप्ति हुई है और आप मुझे इनको मांग कर ले जा रहे हैं। मैं उनके बगैर अनाथ सा हो जाऊंगा, परंतु वहां मौजूद गुरु वशिष्ठ राजा दशरथ को समझाते हुए कहते हैं कि हे राजन आप तनिक भी चिंता मत





करो गुरु विश्वामित्र का आपके यहां आगमन हुआ है और वह राम लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने के लिए कह रहे हैं इसमें कुछ अच्छा ही होगा।

राजा दशरथ गुरु वशिष्ट का कहना मानकर राम और लक्ष्मण को गुरु विश्वामित्र के साथ भेज देते हैं। गुरु विश्वामित्र राम और लक्ष्मण का हाथ थामते हुए निशाचरो का विनाश करने निकलते हैं और उन्हें धनुषधर विद्या सीखते हैं ।

इस प्रकार से गुरु विश्वामित्र यज्ञ हवन करते हैं तो वहां निशाचर आ जाते हैं, इसी दौरान ताड़का नमक राक्षसी भी वहां आती है तो गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से राम लक्ष्मण जिन्होंने धनुषधर विद्या सीखी है उसी का उपयोग करते हुए ताड़का का वध कर देते हैं, इस प्रकार से रामलीला मैदान में ताड़का वध की लीला की आकर्षक प्रस्तुति का मंचन किया गया।

### रामलीला में गुरुवार को होगा धनुष यज्ञ सीता स्वयंवर की आकर्षक लीला का मंचन

*श्री रामलीला मेला आयोजन समिति के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को धनुष यज्ञ एवं सीता स्वयंवर नामक प्रसंग की आकर्षक प्रस्तुति का मैदानी मंचन रामलीला मैदान में किया जाएगा। इस दौरान राजा जनक सीता स्वयंवर का आयोजन करेंगे जिसमें देश देश के बड़े योद्धा राजा महाराजा भाग लेंगे जिसमें प्रमुख रूप से लंका पति रावण भी अपना बल आजमाने के लिए जनकपुर पहुंचेंगे इस समय की लीला का मंचन कलाकारों द्वारा आकर्षक ढंग से किया जाएगा, ओके प्रसंग की लीला का मंचन देखने योग्य रहेगा मेला समिति के समस्त पदाधिकारियो ने सभी सनातन धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रामलीला देखने एवं धर्म का लाभ उठाने की अपील की है।*

## योजनाओं के प्रचार के साथ हितलाभ भी किए जा रहे वितरित

# जिले की 'ग्राम पंचायतों' में लग रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में बुधवार को सभी विकासखण्डों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। बुधवार को सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बरूखार और नांद में, बाड़ी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत किनगी और खेरवाड़ा में, औबेदुल्लागंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत तजपुरा और बिनेकाबोरदा में, सिलवानी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पेहरिया और सीतापार में तथा उदयपुरा विकासखंड की ग्राम पंचायत चिकली और कोड़ा जमनिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों द्वारा आईईसी वैन (प्रचार रथों) का तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके उपरांत शिविरों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए। शिविरों में आईईसी वैन द्वारा एलईडी के माध्यम से शासन की



**ग्रामीणों का किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण**

*विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक परामर्श और उपचार भी किया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने हेतु आवेदन भी प्राप्त किए जा रहे हैं।*

विभिन्न संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त शिविरों में पूर्व में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी-मेरी जुबानी अंतर्गत योजना का लाभ पाने के बाद जीवन में आए बदलावों और आर्थिक उन्नति के बारे में अवगत कराया गया। शिविरों में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही सूर्यनमस्कार सहित योग आसनों का भी प्रदर्शन किया।

### गुरूवार को जिले की इन ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

रायसेन जिले के सभी विकासखण्डों में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। गुरूवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सिलवानी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिवनी तथा दिल्हारी में, उदयपुरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत करहैयाकला तथा ईटुआ में, बाड़ी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पिपरिया करनसिंह तथा सिलवाह में, बेगमगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत चंदौरिया तथा कोहनिया में, सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत महूँपथरई तथा सालेरा में, औबेदुल्लागंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत करमोदा तथा बरखेड़ा में और गैरतगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सांकल तथा मुड़ियाखेड़ा में पहुचेंगी तथा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### दबिश देकर 9 प्रकरण किए गए कायम

## आबकारी विभाग ने दबिश देकर जब्त की अवैध शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

बुधवार को कलेक्टर द्वारा अवैध मदिरा विक्रय, संग्रहण, परिवहन एवं विनिर्माण के विरुद्ध कार्यवाही करने निर्देश के अनुपालन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुदीप तोमर के नेतृत्व में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त बरेली राजेश विश्वकर्मा द्वारा, बरेली वृत्त केवलाझिर, बेहरावन, कासिया पाटनी एवं बकतरा रोड पर स्थित ढाबे पर दबिश देकर 9 न्यायालयीन प्रकरण आबकारी एक्ट के तहत कायम किए गए।

जिनमें 7 आरोपी पूजा रायसिख, मनीषा रायसिन, प्रेमबाई रायसिख, रंजीत साहू, चंदो बाई रायसिख, विशाल केवट एवं अशोक उर्फ प्रेमनारायण केवट को मौके पर उक्त धारांतर्गत गिरफ्तार किया गया तथा दो प्रकरणों में आरोपी ज्ञात नहीं होने से अज्ञात में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिए गए।

उक्त कायम किए 9 प्रकरणों 70 बल्क अवैध हाथ भट्टी मदिरा, 12 पाव मसाला मदिरा, 2 पाव अंग्रेजी शराब एवं 2160 किलों गुड़ मिश्रित महुआ लाहन जप्त किया गया। लाहन के सेम्पल लेकर उसे मय ड्रमों के मौके पर नष्ट किया तथा 70 लीटर मदिरा जब्त कर कब्जा आबकारी लिया गया। जब्त मदिरा एवं लाहन का बाजार मूल्य 2 लाख 31 हजार 320 रुपए है।

उक्त कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक रामगोपाल शर्मा, आरक्षक रामस्वरूप पटेल, आरक्षक स्वेता शिवहरे, सैनिक राजेश शर्मा एवं सैनिक हल्के परते का सराहनीय सहयोग रहा।

## जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम राताताताई में किया शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण

◆ मध्याह्न भोजन चखकर जानी गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं से भी ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ग्राम पंचायत राताताताई स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक शाला राताताताई में किचन सेट और मध्यान्ह भोजन वितरण कार्य को देखा।



जिपं सीईओ ने मध्यान्ह भोजन चखकर भोजन की गुणवत्ता भी जानी। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से भी चर्चा करते हुए सप्ताह के अलग-अलग दिवसों में मिलने वाले भोजन के मीनू, भोजन की गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन वितरण के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर नायब तहसीलदार, एपीओ सहित अन्य उपस्थित रहे।

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा आयोग

**रायसेन।** प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त करने नई दिल्ली जाएंगे। उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) नई दिल्ली में लोकसभा निर्वाचन की तैयारी के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन- की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है, इसके लिये प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा रिटर्निंग अधिकारियों को आईआईआईडीईएम नई दिल्ली में तीन अलग-अलग चरणों में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## खुले में मांस विक्रय करने वालों पर प्रशासन ने कसा शिकंजा, नेट से दुकानों को कराया कवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

खुले में मांस, मछली का विक्रय नहीं किया जाएगा। प्रदेश सरकार के द्वारा जारी किए निर्देशों का परिपालन कराने एसडीएम सौरभ मिश्रा तहसीलदार एसआर देशमुख, सीएमओ कृष्णकांत शर्मा, थाना प्रभारी संतोष सिंह ने अमले के साथ मुर्गा, मछली, अंडे का व्यवसाय करने वाले लोगों के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर सख्त हिदायत देते हुए उनकी दुकानों पर विक्रय किया जा रहे हैं। मांस मछली अंडे को खुले में विक्रय न करने की चेतावनी देते हुए दुकानों को हैरी नेट से ढकवा दिया।



प्रशासन अमले ने नगर में संचालित होने वाली मांस मछली की दुकानो का निरीक्षण किया। दुकानदारो द्वारा गाइडलाइन जारी होते ही अपनी दुकानों के सामने हरे रंग की नेट लगा रखी थी जिसे और अच्छे ढंग से लगाने के निर्देश एसडीएम द्वारा दिए। वहीं सफाई रखने के साथ शासन की गाइड लाइन का पालन करने की हिदायत दी गई।

### 11 जनवरी 2024 तक आचार संहिता रहेगी प्रभावी

## पंचायतों के उपचुनाव के लिए कार्यक्रम जारी, आचार संहिता भी हुई लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद पंचायत बाड़ी अंतर्गत पंच पद के रिक्त 352 पदों को भरने के लिए त्रि-स्तरीय पंचायतों के उपनिर्वाचन 2023 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। बता दें कि त्रि-स्तरीय पंचायतों में 30 नवंबर की स्थिति में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। जनपद पंचायत बाड़ी में 352 पंचो के रिक्त पदों के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया कार्यक्रम के अनुसार प्रारंभ कर दी गई है। रिक्त स्थानों वाली पंचायतों में आचार संहिता लागू हो गई है जो 11 जनवरी 2024 तक प्रभावी रहेगी।

बता दें कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित उप निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 15 दिसंबर से त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन की सूचना, आरक्षण एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन किया जा चुका है इसके साथ ही प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना प्रारंभ कर दिये है आज दिनांक तक 24



प्रत्याशियों के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

जनपद पंचायत बाड़ी सभाकक्ष में सहायक रिटर्निंग अधिकारी किशोरीलाल शैलू नायब तहसीलदार एवं सहायक दल द्वारा अंतिम तिथि 22 दिसंबर को दोपहर 3 बजे तक जमा किए जाएंगे। प्रत्याशियों द्वारा जमा नाम निर्देशन पत्रों की जांच का कार्य 23 दिसंबर को किया जाएगा। चुनाव नहीं लड़ने वाले प्रत्याशी 26 दिसंबर को दोहपर 3 बजे तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। आवश्यक होने पर 5 जनवरी 2024 को मतदान कराया जाएगा।

### प्रभवाना चल समारोह निकाल कर नवीन वेदी पर किए ग्रंथ विराजमान

# व्यक्ति के जीवन में सत्य की अनिवार्यता जरूरीः शांतानंद

## » त्रिदिवसीय तारण जयंती महोत्सव का किया समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सत्य की अनिवार्यता आवश्यक है। सत्य को स्वीकार किए बगैर मानव अपने जीवन को सार्थकता प्रदान नही कर सकता है। सत्य को स्वीकार करना होगा तभी जीवन में बदलाव हो सकता है। मानव वर्तमान में भ्रम में जी रहा है भ्रम में जीने वाला व्यक्ति अपने पथ से भटक जाता है। सत्य को स्वीकार करने वाला सत्य मार्ग पर चलता है। बुराई को स्वीकार कर लेना सबसे बड़ी सच्चाई है।

यह उद्गार श्रीमद् जिन तारण तरण मडलाचार्य महाराज की 575 वी जयंती के अवसर पर आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के समापन दिवस बुधवार को तारण तरण जैन चैत्यालय में बाल ब्रम्हाचारी शांतानंद महाराज ने समाजजनो के बीच व्यक्त किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। तीन दिन तक लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए। समापन दिवस नगर में प्रभावना चल समारोह निकाला गया।



### प्रभावना पूर्वक ग्रंथों को नवीन वेदी पर किया विराजमान

श्रीमद् जिन तारण तरण मडलाचार्य महाराज के द्वारा लिखित 14 ग्रंथो को चैत्यालय में निर्मित स्वर्ण युक्त वेदी पर विराजमान किए जाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज के 14 परिवारो के द्वारा नवीन वेदी पर ग्रंथो को विराजमान किए जाने को लेकर समाज द्वारा अपनाई गई तय प्रक्रिया में सहभगिता की तथा चिन्हित हुए। तय प्रक्रिया के तहत चिन्हित हुए 14 परिवारो के द्वारा नवीन वेदी पर क्रमषः 14 ग्रंथो को विराजमन किया गया। बाल ब्रम्हाचारी शांतानंद महाराज के द्वारा प्रभावना पूर्वक मंत्रो का उच्चारण किया तथा समाजजनो ने ग्रंथो को नवीन वेदी पर स्थापित किया ।

### निकाला प्रभावना चल समारोह

*इस मौके पर नगर में एक प्रभावना चल समारोह निकला गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। प्रभावना चल समारोह 14 परिवारो के निवास पर पहुंचा, यहां से समाजजन 14 ग्रंथो को श्रद्वा पूर्वक उठाए जयकारा लगाते हुए जैन चैत्यालय पहुंचे। चल समारोह में शामिल समाजजन नाचंते गाते जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। केसारिया ध्वज फहलाते हुए युवा बज रहे ढोल पर नृत्य कर रहे थे। यहां पर बधाई गीत भी गाए गए। प्रभावना चल समारोह में शामिल किए गए 14 ग्रंथो की नगर में अनेक स्थानो पर श्रद्वालुओ के द्वारा आरती उतारी जाकर नमन किया गया। चैत्यालय में समापन अवसर पर तारण तरण जैन समाज के अध्यक्ष सवाई सेठ जयबाबू जैन ने कार्यक्रम में सहभागिता करने तथा तन मन धन से सहयोग करने पर समाजजनो का आभार माना।*